भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4671
दिनांक 20 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

मिशन शक्ति अम्ब्रेला योजना

4671. श्री जी. सेल्वम:
श्री नवसकनी के. :
श्री सी.एन. अन्नादुरई:

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विशेषकर तमिलनाडु में मिशन शक्ति अम्ब्रेला योजना विशेषकर इसके अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) महिला हेल्पलाइन (181) और सुरक्षित आश्रय सुविधाओं से संबंधित घटकों के कार्यान्वयन की समीक्षा की है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त राज्य में वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन द्वारा पंजीकृत/समाधान किए गए मामलों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या कतिपय जिलों में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा के पीड़ितों के लिए कर्मचारियों की कमी तथा परामर्शदाताओं की उपलब्धता, कानूनी सहायता/समय पर मुआवजे के संबंध में कोई कमियां हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) गत तीन वर्षों के दौरान उक्त राज्य के लिए उपरोक्त मिशन के अंतर्गत आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) संस्थागत सहायता को मजबूत करने, प्रतिक्रिया समय में सुधार करने और महिलाओं का सुचारु पुनर्वास एवं सशक्तिकरण सुनिश्चित करने हेतु उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) से (ड.): मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों को मजबूत करना है। मिशन शक्ति के दो वर्टिकल हैं: महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'संबल' और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए 'सामर्थ्य'। मिशन शक्ति केंद्र प्रायोजित योजना है जिसे तमिलनाडु राज्य सहित पूरे देश में क्रियान्वित किया गया है।

वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में हिंसा से प्रभावित और संकटग्रस्त महिलाओं को एक ही स्थान पर एकीकृत और तत्काल सहायता प्रदान करता है। अपनी शुरुआत से लेकर 31 दिसंबर, 2025 तक इसने तमिलनाडु राज्य में 14.5 लाख से अधिक महिलाओं को सहायता प्रदान की है। ओएससी जरूरतमंद महिलाओं को चिकित्सा सहायता, कानूनी सहायता और सलाह, **अस्थायी आश्रय**, पुलिस सहायता और मनोसामाजिक परामर्श जैसी सेवाएं प्रदान करता है। महिला हेल्पलाइन (181) आपातकालीन और गैर-आपातकालीन दोनों स्थितियों में महिलाओं की सहायता के लिए 24 घंटे टोल-फ्री दूरसंचार सेवाएं प्रदान करती है। प्रारंभ से लेकर 28 फरवरी, 2026 तक डब्ल्यूएचएल के माध्यम से तमिलनाडु राज्य में 22 लाख से अधिक महिलाओं की सहायता की गई है। शक्ति सदन दुर्व्यापार की शिकार महिलाओं सहित संकटग्रस्त महिलाओं के लिए एक एकीकृत राहत और पुनर्वास केंद्र है। सखी निवास कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक स्थान पर स्थित आवास प्रदान करता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु राज्य में ओएससी, महिला हेल्पलाइन और शक्ति सदन द्वारा सहायता प्राप्त महिलाओं का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

मिशन शक्ति के दिशानिर्देशों के अनुसार, केंद्र सरकार प्रत्येक ओएससी में 1 मनो-सामाजिक परामर्शदाता, 1 पैरा लीगल कर्मी/वकील और 1 पैरा मेडिकल कर्मी सहित 13 कार्मिकों की नियुक्ति/भर्ती के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 100% वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

मिशन शक्ति योजना का समग्र कार्यान्वयन राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों के अधीन है और निधि सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के एकल नोडल एजेंसी (एसएनए) या एसएनए स्पर्श के लिए व्यय विभाग द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के आधार पर जारी की जा रही है। तमिलनाडु राज्य के लिए मिशन शक्ति के तहत वर्ष 2022-23 में 94.88 करोड़ रुपये, वर्ष 2023-24 में 44.48 करोड़ रुपये और वर्ष 2024-25 में 124.85 करोड़ रुपये की निधि जारी/व्यय की गई है।

इसके अतिरिक्त, वर्ष में एक बार, कार्यक्रम अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के साथ मिलकर योजना के अंतर्गत गतिविधियों की प्रगति की निगरानी करता है और

उद्देश्यों की प्राप्ति तथा महिलाओं एवं बच्चों को प्रभावी सेवाएं प्रदान करने की स्थिति की समीक्षा करता है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय के अधिकारी समय-समय पर बैठकों, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के क्षेत्रीय दौरों के माध्यम से योजना की निरंतर समीक्षा करते हैं।

तमिलनाडु राज्य में मिशन शक्ति व्यापक योजना और इसके घटक, जिनमें वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) और महिला हेल्पलाइन (181) सुविधाएं शामिल हैं, का तृतीय-पक्ष मूल्यांकन वित्तीय वर्ष 2019 से 2024 के दौरान नीति आयोग के माध्यम से किया गया था। अध्ययन में योजना की प्रासंगिकता, प्रभावशीलता और निरंतरता को संतोषजनक पाया गया।

*****

अनुलग्नक

'मिशन शक्ति अम्ब्रेला योजना' के संबंध में श्री जी. सेल्वम, श्री नवसकनी के. और श्री सी.एन. अन्नादुरई द्वारा पूछे गए दिनांक 20.03.2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा के तारांकित प्रश्न संख्या 4671 के भाग (क) से (ड.) में उल्लिखित अनुलग्नक

तमिलनाडु राज्य में पिछले तीन वर्षों के दौरान ओएससी, महिला हेल्पलाइन और शक्ति सदन द्वारा सहायता प्राप्त महिलाओं का विवरण निम्नलिखित है:

वित्तीय वर्ष	**ओएससी**	**डब्ल्यूएचएल**	**शक्ति सदन**
2022-23	22,929	36,671	1129
2023-24	23,661	40,838	1281
2024-25	39,271	37,227	1676

****